पंजाब के राज्यपाल कटारिया को ''संस्कृति रत्न'' अलंकरण से नवाजा

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में आयोजित एक गरिमामय समारोह में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को मनीषी पंडित जनार्दन राय नागर संस्कृति रत्न अलंकरण समर्पण से सम्मानित किया गया। कटारिया को ये अलंकरण उनके भारतीय जीवन मूल्यों, सांस्कृतिक - नैतिक दृढ़ता और सेवा कार्यों के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया।

सम्मान के तहत कटारिया को अशोक स्तम्भ, भारत माता स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं एक लाख रूपये की नकद राशि दी गई। कटारिया ने एक लाख रूपये की नकद राशि पुनः विद्यापीठ के विकास के लिए भेट कर दी। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुलाबचंद कटारिया, अध्यक्ष कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, महावीर कोटा ओपन विवि के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजली एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कटारिया ने कहा कि जनुभाई का व्यक्तित्व आदर्शों की वो किताब है जो हर पीढ़ी का मार्गदर्शन करने का सामर्थ्य रखती है। संस्कार युक्त व्यक्तित्व निर्माण और साक्षर पीढ़ी को स्वरूप दे कर अंतिम को मुख्य धारा से जोडने का काम जनुभाई जीवन पर्यंत करते रहे। राष्ट्र भाव और असहाय की सहायता करके हम उनके विचारों को जीवंत बनाए रख सकते है। ये विचार बतौर मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने व्यक्त किए। कटारिया ने कहा कि पंडित जनार्दन राय नागर कोई सामान्य व्यक्ति नहीं थे, वे शिक्षा जगत में क्रांतिकारी विचारों के वाहक थे। उन्होंने शिक्षा को सेवा का माध्यम बनाया और समाज के वंचित वर्गो तक ज्ञान की रोशनी पहुंचाई।

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को मनीषी पंडित जनार्दन राय नागर संस्कृति रत्न अलंकरण से सम्मानित करते कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, प्रो. एस.एस.सारंदेवोत, कुलपति प्रो.कैलाश सोडानी।

कटारिया ने कहा जनुभाई वैचारिक विभिन्नताओं के बावजूद मूल्यों के प्रति सदैव तठस्थ रहे। उनका चरित्र गुरू से समर्पण, तपस्या को बताता है अध्यापक में निहित अपार क्षमताओं, संभावनाओं का द्योतक है। कटारिया ने कर्मो को परिष्कृत करके मानव जीवन को सार्थक बनाने का सभी से आह्वान किया। साथ ही उन्होंने संस्थान के आदर्शों को धेय बनाकर उसे आगे बढ़ाने के लिए कुलपति सारंगदेवोत को साधुवाद दिया।

कुलपति कर्नल प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने प्रशस्ति पत्र का वाचन करते हुए कहा कि संस्कृति, संस्कार जीवन के शाश्वत मूल्य है। हमारी संस्कृति में भौतिक और आध्यात्मिक का समावेश है । जो समाज के लिए उपयोगी और मार्गदर्शक के रूप में दृष्टिगोचर होती है। जनुभाई का दर्शन सामाजिकता, संस्कृति का समावेश है जो समावेशी होने के साथ नारी सशक्तिकरण ,वंचितों को आगे लाने के प्रयासों का प्रतिबिंब है।

अपने संबोधन में प्रो. सोडाणी ने कहा कि, गुलाबचंद कटारिया जैसे व्यक्तित्व का सम्मान हम सभी के लिए गौरव की बात है। वे एक शिक्षाविद, समाजसेवी और राजनीतिज्ञ के रूप में लंबे समय से समाज को दिशा प्रदान कर रहे हैं। यह अलंकरण वास्तव में उनके सेवा भाव और निष्ठा को नमन है। कुलाधिपति गुर्जर ने कहा कि राजस्थान का यह सौभाग्य है कि गुलाबचंद कटारिया जैसे व्यक्तित्व को संस्कृति रत्न अलंकरण प्रदान कर उसे गौरवान्वित किया गया है। यह सम्मान विद्यापीठ के संस्थापक पं. जनार्दन राय नागर जी की परंपरा और मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

- जनुभाई सामान्य व्यक्ति नहीं , शिक्षा जगत में क्रांतिकारी विचारों के वाहक थे : कटारिया
- संस्कृति और संस्कार ही जीवन के शाश्वत मूल्य : सारंगदेवोत

समारोह में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, भाजपा नेता एवं समाजसेवी अतुल चण्डालिया, प्रो. रेणु राठौड़, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, डॉ. कला मुणेत, डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड, प्रो. आईजे माथुर, डॉ. हेमेन्द्र चौधरी, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, प्रो. गजेन्द्र माथुर, प्रो. मंजु मांडोत, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. अमी राठौड सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर व शहर के गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की।

टक्कर मारी , परिवार गंभीर रूप से घायल

उदयपुर, (कासं)। बाईक पर अपनी पत्नी और बच्चे के साथ जा रहे एक युवक को बाईक सवार दो युवकों ने लूट की नीयत से टक्कर मारकर नीचे गिरा दिया, जिससे यह परिवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाबूलाल पुत्र कल्लाजी मीणा निवासी चणावदा भैरव फलां गिर्वा ने रिपोर्ट दी कि 14 मई को दोपहर 2 बजे चणावदा से ऋषभदेव की तरफ मेरी पत्नी सोयता मीणा एवं पुत्र हर्ष सहित बाईक पर सवार होकर जा रहे थे। तभी पीपली बी पुरानी स्कूल के सामने ऋषभदेव पर अचानक दो व्यक्ति बाईक लेकर मेरा लगातार पीछा कर रहे थे, उसके बाद दोनों आरोपियों उसकी बाईक के पास लहारते हुए आए और प्रार्थी की बाईक को जानबूझकर टक्कर मार दी। टक्कर से प्रार्थी, मेरी पत्नी व मेरा पुत्र बाईक से नीचे गिर पडे। इन व्यक्तियों ने प्रार्थी के साथ लूट करने की नीयत से नीचे गिराया, जिससे प्रार्थी, मेरी पत्नी व पुत्र के सिर में गहरी चोट लगी, जिससे मेरी पत्नी व पुत्र बेहोश हो गए। प्रार्थी के भी हाथ व पैर पर गंभीर चोट आई, जैसे तैसे में वह उठा तो इन दोनों ने चाकू निकालकर प्रार्थी के साथ लूट के लिए उसकी ओर आने लगे। यह देखकर वहां पर रहने वाले गांववासी आ गए। मौके पर आए बाबूलाल पुत्र हाजा निवासी पीपली ए ऋषभदेव, चुन्नीलाल पुत्र नारायण निवासी चणावदा एवं सात-आठ लोगों ने दोनों को पकड लिया और उन दोनों से चाकू छिन लिया। उसके बाद उन्होंने पुलिस को फोन किया, जिससे थाने से जाब्ता आया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

सार-समाचार

मारपीट कर रीढ की हड्डी तोड़ी

उदयपुर, (कासं)। बाईक की चाबी देने से मना करने पर दो युवकों ने एक युवक के साथ लट्ठ से मारपीट कर रीढ की हड्डी तोड दी।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सविता पत्नी हगराम कानुबडा निवासी बिलखाईबडा ऋषभदेव ने रिपोर्ट दी कि 18 जून को मेरा पुत्र मेरे घर पर था कि तभी उसके दोस्त राजेश, महेश मेरे घर पर आये और मेरे पुत्र से बाईक की चाबी देने के लिए कहने पर मेरे पुत्र ने इन्हे कहा कि तुम दोनो रोज मेरी बाईक ले जाते हो लेकिन पैट्रोल नहीं भराते हो जिससे राजेश व महेश मेरे पुत्र से नाराज हो गये और मेरे घर से मेरे पुत्र राजेश को धमकाते हुए गए कि थोडी देर रुक तुझे देखते है। करीब 15-2० मिनिट बाद ये दोनो अपने हाथ में लट् लेकर मेरे घर में घुस आये और आते ही मेरे पुत्र पर लाठियों का वार किया जिसे वह नीचे गिर गया व उसके बाद इन दोनो ने मेरे पुत्र पर ताबड तोड लट्ठ से वार किए। पुत्र के चिल्लाने की आवाज सुनकर मैं दूसरे कमरे से आई और अपने पुत्र का बीच बचाव करने लगे तो उन्होने मुझे भी धक्का दिया, जिससे मैं नीचे गिर गई।

मारपीट करने वाला प्रेमी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। गोवर्धनविलास पुलिस ने लिव इन में रह रही एक युवती से शराब के पैसों के लिए जमकर मारपीट करने और चाकू से हमला कर घायल करने में उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शकुंतला पुत्री शंकरलाल सालवी निवासी बारापाल हाल ओम बन्ना के पास गोवर्धन विलास ने 16 मई को रिपोर्ट दी कि वह लीव इन रिलेशनशिप मे गत 6 वर्षा से कैलाश पुत्र शंकर लाल मेघवाल के साथ बलीचा स्थित मकान में निवास कर रही है। कैलाश मेघवाल आए दिन शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौच करता है और शराब के पैसा मांगकर प्रताडित करता है। नहीं देने पर जाने से मारने की धमकी देता हैं। मेरे चाय नाश्ते का ठेला है जिससे मै जैसे-तैसे अपना भरण पोषण कर रही हूँ, जिससे मेरी रोज की आय 300 से 500 रूपए है, जिसे भी कैलाश उससे जबरन शराब के पीने के लिए ले लिए जाते है। नहीं देने पर कैलाश प्रार्थीया के साथ मारपीट करते है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/1762 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC25C0108RJ55247630N दि. 3.3.2025 के द्वारा श्री गोपाल साहू को नि. ग्रा. सवीना, तहसील गिर्वा, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा M L No. 75/2010 क्षेत्र 1.00 हेक्टेयर वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https:/parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/1760 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC25C0108RJ5315955N दि. 3.3.2025 के द्वारा मेसर्स चारभुजा कंस्ट्रक्शन को नि. ग्रा. सवीना, तहसील गिर्वा, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा M L No. 77/2010 क्षेत्र 1.00 हेक्टेयर वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https:/parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/0003 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC24C0108RJ5417379N दि. 04.1.2025 के द्वारा मेसर्स चारभुजा मिनरल्स एंड क्रशिंग प्लांट को नि. ग्रा. अमरडा, तहसील गिर्वा, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा M L No. 93/2007 क्षेत्र 1.00 हेक्टेयर वास्ते खनिज मेसेनरी स्टोन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https:/parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर पंचायत समिति के चारगदिया पंचायत के निमडी गांव में ग्रामीणों ने सोमवार को भीण्डर उपखण्ड अधिकारी व भीण्डर पंचायत समिति के विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंप करके मनरेगा योजना में अनियमितता को लेकर मेट को ब्लेक लिस्टेड व मस्टरोल की जांच की मांग रखी।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत चारगदिया के राजस्व गांव नीमडी के ग्रामीणों की मांग हैं कि नीमडी गांव में वर्तमान व पूर्व मेट जो मस्टरोल चला रहे व गरीबों का शोषण करके राजकीय पैसों का दुरपयोग करते हुए मनरेगा भ्रष्टाचार, एनएमएमएस नरेगा में फर्जी ऑनलाइन हाजरी भरी जा रही है। नरेगा मेट आईडी खुशबू चौबीसा की बनी हुई हैं व पूर्व मेट परसराम चौबीसा उसके मोबाईल में आईडी व पासवर्ड लेकर चला रहा है। यह सब पंचायत समिति नरेगा कार्यालय की मिलीभगत व फर्जीवाडें से हो रहा है। मस्टारोल में नाम किसी और का हाजिरी में फोटो किसी और का ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि एक जनवरी 2025 को एमएसआर मस्टरोल नंबर 4023 में जो फोटो अपलोड किये गये है ऑन लाईन व अन्य महिला को खडा करके दर्शाया गया है वह फर्जीवाडा है। इसी तरह नंबर 4021 में में सुबह व अपरान्ह दोनो फोटो में एक महिला जो कि बाहर काम कर रही है उसकी फर्जी हाजरी भरी जा रही है। मस्टरोल नंबर 4022 जो ऑन लाईन हाजरी भर रखी है वह महिला न होकर अन्य महिला है। मस्टरोल संख्या 4024 में फोटो सुबह व अपरान्ह अलग अलग फोटो अपलोड कर रखे है जिनका नाम मस्टरोल में है वो तो फोटो में है ही नहीं।

जॉबकार्ड नंबर 300-141 व गोलाकर जो महिला दिखा रखी है वह फर्जी नाम चल रहा है। जॉबकार्ड नंबर 300-151 गोलाकर जो महिला दिखा रखी है वह फर्जी नाम चल रहा है। जॉबकार्ड नंबर 300-198 जो महिला का नाम वह महिला बाहर निवास करती है तथा नरेगा में इसकी प्रत्येक दिन ऑनलाईन फर्जी हाजरी भरी जा रही है। जॉबकार्ड नंबर 300-105 जो महिला का नाम वह महिला वहा है ही नही व फर्जी हाजरी भर रखी है।

पेंशनर समाज ने भेजा ज्ञापन

कपासन, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज की कपासन शाखा ने केंद्र सरकार के नए विधेयक का विरोध किया है। समाज ने प्रधानमंत्री को तहसीलदार मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। नए विधेयक के तहत केंद्र सरकार को पूर्व और वर्तमान पेंशनरों में भेदभाव करने का अधिकार मिल गया है। पेंशनर समाज का कहना है कि ये सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन है। साथ ही यह सातवें वेतन आयोग द्वारा स्थापित समानता को भी समाप्त करता है। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के 1980 के डीएस नाकरा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले का उल्लेख किया गया। इस मामले में कोर्ट ने कहा था कि पेंशन सामाजिक न्याय का माध्यम है। ये उन लोगों के लिए है जिन्होंने अपना जीवन देश सेवा में लगाया।पेंशनर समाज ने सवाल उठाया है कि क्या महंगाई और रुपए की गिरावट का प्रभाव केवल एक निश्चित तिथि के बाद रिटायर हुए लोगों पर ही पडता है। समाज का कहना है।

रसायन विज्ञान में नवाचार : हरित संश्लेषण और औषधि डिजाइन सेमिनार का आगाज

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ विवि एवं भूपाल नोबल्स विवि के संघटक विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रसायन विभाग की ओर से सोमवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में रसायन विज्ञान में नवाचार हरित संश्लेषण और औषधि डिजाइन विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सेमीनार को शुभारंभ कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, भूपाल नोबल्स संस्थान के मंत्री प्रो. महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक डॉ. मोहब्बत सिंह रूपाखेडी, संयुक्त मंत्री राजेन्द्र सिंह ताणा, रोटम एग्रोकेमिकल हांगकांग के पूर्व निदेशक डॉ. सतीश चंद्र तिवारी, डीन प्रो. रेणु राठौड ने किया।

प्रो. रेणु राठौड ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दो दिवसीय सेमीनार की जानकारी दी। प्रो. एस.एस सारंगदेवोत ने भारतीय ज्ञान परंपरा में वर्णित रसायनों के उपयोग के प्रकारों और तरीके ही आधुनिक ग्रीन रसायन है जिसमें प्रकृति और पर्यावरण के प्रति

रसायन विज्ञान में नवाचार : हरित संश्लेषण और औषधि डिजाइन सेमिनार में मंचासीन अतिथिगण।

संवेदनशीलता समाहित है। उन्होने वेदों एवं ऋषि परंपरा के अनुसार प्रकृति के साथ आत्मिक संबंध स्थापित करके रसायनों के द्वारा पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभावों को रोका जा सकता है। उन्होने जैव उर्जा के उपयोग और कृषि में प्रकृति आधारित नवाचारों के उपयोग से उर्जा खपत कम करने, पारिस्थितिकी तंत्र व जीवन चक्र को व्यवस्थित करने में हरित रसायन की महत्ता को भी रेखांकित किया। मुख्य वक्ता प्रो. तिवारी ने राजस्थान में पाए जाने वाले खनिजों में दवाओं की संभावना,शोध,अनुसंधान और नवाचारों पर ध्यान केंद्रित करके पर्यावरण हितैषी बनाने पर जोर दिया। प्रो. सोडानी ने स्वदेशी और मातृभाषा के प्रयोग पर विचार रखे। कुलप्रमुख एवं कुलाधिपति बीएल गुर्जर ने अनुसंधान और शोध में परंपरागत ज्ञान के उपयोग पर जोर देने की बात कही। संगोष्ठी में डॉ. युवराज सिंह राठौड, नवल सिंह जूड,डॉ. गिरधरपाल सिंह, प्रो. शिव सिंह दुलावत , डॉ सपना श्रीमाली, डॉ. मंगल दुलावत, डॉ भावेश जोशी, डॉ. उत्तम शर्मा, डॉ योगिता श्रीमाली, डॉ. पूजा जोशी आदि मौजूद रहे।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः F.12( )/Sales/Allot/2025-26/207 **आम-सूचना** दिनांकः- 3/6/2025

आवेदनकर्ता द्वारा अंकित भूखण्ड का वारिसान/हक त्याग/मुक्ति विलेख/परित्याग पत्र/वसियत नामा के आधार पर नामान्तरण जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल (वर्गफीट)	योजना का नाम/ब्लॉक	आवेदक का नाम/ पिता का नाम	नाम
1.	आवासीय भूखण्ड संख्या 6 MUT/ 759	100 Square Feet	HIRAN MAGRI SECTOR 12	श्री मोहम्मद इब्राहिम पिता श्री अहमद बक्स	श्री मोहम्मद अंसार द्वारा उक्त भूखण्ड जरियें रजिस्टर्ड दान-पत्र दिनांक 06-04-2018 से आवेदनकर्ता को दिये जाने से इनके द्वारा संबंधित दस्तावेजात / शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त दूकान का अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं।

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान / हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण जारी करने के संबंध में यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपति हो तो वो अपनी आपति मय आधारो सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 10 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण जारी किये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

(बिन्दु बाला) प्रभारी अधिकारी, विक्री शारवा
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द

सं. 98-99 **लोक-सूचना** दिनांकः 23/06/2025

मैसर्स संस्कार प्रॉपर्टीज उदयपुर प्रोपराईटर श्री बंकेश सोनी पिता श्री राजमल सोनी निवासी 163, जेठियो की बाडी अम्बामाता स्कीम उदयपुर तहसील गिर्वा जिला उदयपुर द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	कांकरोली	238/4	रकबा 0.0243 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 23/6/25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

एक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के सवीना थाना पुलिस ने विवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट पेश की गई कि 19जून को प्रार्थी की पत्नी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मेरे पुत्र ने बताया कि शाम 6 बजे के लगभग एक अल्टो कार जो सिल्वर कलर की थी जिसम शक्ति सिंह पिता मनोहर सिंह निवासी अखेपुर जिला सलूम्बर आया और मेरे मकान के पास आकर वाहन का हॉर्न बजाने लगा व मेरी पत्नी को फोन कर मिलने के लिए बुलाने लगा।

पेंशनरों ने नए वित्त विधेयक के विरोध में प्रदर्शन किया

डूंगरपुर, (निसं)। केंद्र सरकार की ओर से पेंशनरों के लिए लागू किए नए वित्त विधेयक के विरोध में सोमवार को पेंशनरों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पेंशनरो ने इस विधेयक को पेंशनर्स के साथ कुठाराघात बताया। वही विधेयक को वापस लेने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

राजस्थान पेंशनर समाज के बैनर तले जिलेभर के पेंशनर्स सोमवार को कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। पेंशनर्स को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमों और भारत की सचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय के सिद्धान्तों के वैद्य करण से संबंधित विधेयक का विरोध किया। पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष दिनेश श्रीमाल ने बताया कि पेंशनरों के लिए बनाया गया नया कानून लागू होने के बाद केन्द्र सरकार को पूर्व पेंशनरों और वर्तमान पेंशनरों में विभेद करने का अधिकार भी प्राप्त हो गया है। श्रीमाल ने बताया कि नए विधेयक के अनुसार दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को 8 वें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं,जनवरी 2026 से सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों को ही 8 वें वेतन आयोग लाभ मिलेगा। जिससे पुराने पेंशनरों के साथ अन्याय होगा।

श्रीमाल ने कहा कि केंद्र सरकार नया कानून वापस नहीं लेती है तो पेंशनर समाज अपना आंदोलन तेज करेगा।

बैठक 26 जून को

उदयपुर, (कासं)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में 26 जून को प्रातः 10.30 बजे जिला परिषद सभागार में आयोजित होगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारी एवं खण्ड कार्यक्रम अधिकारी को एजेण्डा अनुसार समस्त सूचनाओं के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला- राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/7461 दिनांक : 12/06/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री पावन भाटिया पिताश्री चन्द्र प्रकाश भाटिया निवासी -मोहनगढ़ नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या -14 क्षेत्रफल-2226 आवासीय कॉलोनी, बिच्छु मंगरी बांध रोड़ ,नाथद्वारा	30 फिट रोड	अन्य कृषि भूमि	भूखण्ड संख्या-15	अन्य कृषि भूमि

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

ट्राईबल केयर सेवा संस्थान ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

बांसवाड़ा, (निसं)। ट्राईबल केयर सेवा संस्थान की ओर से टीएडी सभागार में जिला स्तरीय आदिवासी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 10वी में 80 प्रतिषत से अधिक अंक लाने वाली 90 प्रतिभाएं, कक्षा 12 की 87, नीट-2025 की 320 से अधिक अंक अर्जित करने वाली 46 और जेईई एडवांस की 7 प्रतिभाओ सहित अतिरिक्त विशेष उपलब्धियां अर्जित करने वाली और अन्य गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 12 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। स्वागत उद्बोधन देते हुए विनोद निनामा ने संस्थान के कार्यो पर प्रकाश डाला।

डॉ दीपक निनामा ने चिकित्सा क्षेत्र में करियर, चुनौतियां और समाधान पर चर्चा की। राजहंस कॉलेज दिल्ली के प्रो. डॉ गणेश लाल कटारा ने उच्च शिक्षा, केन्द्र की रिक्तियों के लिए तैयारी करने का आह्वान किया। सीबीईओ सज्जनगढ़ रूपजी बारिया ने लक्ष्य के प्रति समर्पित, परिश्रम करते रहने, प्रमोद ताबियार ने अपने मुकाम को हासिल कर पे बेक का सोसायटी पर कार्य करते रहने का संदेश दिया। अति. जिला शिक्षाधिकारी दलसिंह आमलियार ने समाज हित में व्यक्तिगत हित, कार्यो को छोड कर संगठित रहने पर बल दिया। अति ब्लॉक विकास अधिकारी राकेश निनामा ने समाज की आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाओं की सदैव सहायता करते रहने के लिये प्रेरित किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य कल्याणमल सिंघाड़ा ने समाज ऋण को उतारने के लिए किसी भी रूप में समाज उत्थान में अपना योगदान देने पर चर्चा की। अध्यक्षीय उद्बोधन में सेवानिवृत संयुक्त निदेशक मावजी खांट ने अभिभावकों को अपनी ईच्छा बच्चों पर ना थोपकर माता-पिता और बच्चे के मध्य सतत् सकारात्मक संवाद बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ ममता डामोर,सहायक लेखाधिकारी अभिषेक गोदा, बीआईएचएम संस्थान प्रमुख डॉ प्रियंका कटारा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में भामाशाहो, अतिथियों व आयोजन समिति के सदस्यों को संत गोविंद गुरु की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया गया। संचालन राकेश पटेल एवं कैलाश चरपोटा ने किया जबकि आभार कैलाश पारगी ने माना। कार्यक्रम में समाजसेवी वालजी अड, प्रभुलाल बुझ, विमल गरासिया, कन्हैयालाल मकवाना, दिनेश मकवाना, हितेश सोलंकी एवं बडी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और कर्मचारी मौजूदर हे।

ट्राईबल केयर सेवा संस्थान की ओर से टीएडी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय आदिवासी प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभाओं को सम्मानित करते अतिथि।

मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की

राजसमंद, (निसं)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को जिला मुख्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों ने कांकरोली स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जनसंघ से लेकर संगठन में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है उनके सिद्धान उनके विचार उनकी कार्यशैली उनकी सरलता संगठन के प्रति उनकी निष्ठा ये सभी गुण हम सभी को सीखने की आवश्यकता है, उनके द्वारा की गई मेहनत आज हम सभी के सामने है। आज हम सभी उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करके इन सभी गुणों को अपने जीवन मे समावेश करे इसी कामना से आज हम घर जाए। जिला मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि इस दौरान जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, पूर्व चेयरमैन महेश पालीवाल अशोक रांका, पूर्व प्रधान भानु पालीवाल, कार्यक्रम संयोजक हिम्मत कुमावत, माधव चौधरी, जवाहरलाल जाट, महेंद्रसिंह चौहान, मनोज पारीक, गोपालकृष्ण पालीवाल, सविता सनाढ्य, वर्द्धनी पुरोहित, विशाखा तिवारी, मोहन कुमावत, खुशकमल कुमावत, मुरारी आशिया, नर्बदा शंकर पालीवाल, भरत पालीवाल, गिरीराज सोनी, पूजा बंग, ओम पारीक, प्रकाश रांका, सोना सिंह, रजनीकांत साहू, आशीष पालीवाल, प्रदीप खत्री, ललित खींची, प्रमोद सेन, चंपालाल कुमावत, देशबंधु रांका, हिम्मत मेहता, लक्ष्मण मौर्य सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं स्वतंत्र भारत में राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रमुख प्रवर्तक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा 37० का हटाया जाना, डॉ मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान के प्रति आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की सच्ची कृतज्ञता है। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि डॉ मुखर्जी भारतीय एकता के सच्चे सूत्रधार थे। उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और देशहित के लिए सत्ता को भी त्याग दिया। जम्मू-कश्मीर में एक देश, एक विधान, एक निशान की मांग को लेकर वे कटिबद्ध रहे और इस उद्देश्य के लिए उन्होंने अपने प्राणों का भी बलिदान दे दिया। डॉ मुखर्जी का जीवन हमें निष्ठा, संकल्प और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द

सं. 2645 **लोक-सूचना** दिनांकः 23/06/2025

01श्री अखिलेश पिता श्री भंवरलाल जी जाति गुप्ता, (महाजन) आयु-वयस्क, निवासीः- कांकरोली तहसील राजसमंद जिला राजसमंद राज. जरिये आवासीय भू रूपान्तरण-पट्टा संख्या 233/93 से पट्टाधारी व वर्तमान खातेदार 02 श्री ओम प्रकाश पिता श्री मथुरालाल जी जाति लखारा,आयु-51 वर्ष, निवासीः- कांकरोली तहसील राजसमंद जिला राजसमंद राज.आधार संख्याः-5406.2870.8432, पेनकार्ड नं.:-AAHPL5152H , 03 श्री कृष्ण कुमार उर्फ किशन कुमार पिता श्री प्रहलाद राय जी जाति अग्रवाल आयु-67 वर्ष निवासीः-नजरवाडी, नया बाजार कांकरोली तहसील राजसमंद जिला राजसमंद राज.आधार संख्याः-8862.7906.5151पेनकार्ड नं.:-ABXPA2936P, 04 श्री चन्द्र प्रकाश पिता श्री मथुरालाल जी जाति लखारा आयु-54 वर्ष , निवासीः- कांकरोली तहसील राजसमंद जिला राजसमंद राज. आधार संख्याः-2603.3280.2576 पेनकार्ड नं. :-AAHPL5058F, 05 श्री पुरूषोत्तम लाल पिता श्री अम्बालाल जी जाति लखारा, आयु-71 वर्ष निवासीः- कांकरोली, तहसील राजसमंद जिला राजसमंद राज. आधार संख्याः-6028.4074.5349 पेनकार्ड नं. :-AAHPL5130D, 06.श्री युगल किशोर पिता श्री बसन्ती लाल जी जाति देवपुरा, आयु-54 वर्ष, निवासीः-श्री नाथ सदन श्री जी विहार 100 फीट रोड कांकरोली तहसील राजसमंद जिला राजसमंद राज.आधार संख्याः-5492.2051.4993, पेनकार्ड नं. :-AAUPD8516A,07 श्री राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजकुमार पिता श्री गोविन्द जी जाति सुनार आयु-वयस्क , निवासीः- कांकरोली तहसील राजसमंद जिला राजसमंद राज. जरिये विक्रय पत्र दिनांक 03.02.2006 को वाणिज्यिक भू रूपान्तरण -से पट्टाधारी श्री युगल किशोर पिता श्री बसन्ती लाल जी जाति देवपुरा, आयु-54 वर्ष, निवासीः-श्री नाथ सदन श्री जी विहार 100 फीट रोड कांकरोली तहसील राजसमंद जिला राजसमंद राज.आधार संख्याः-5492.2051.4993, पेनकार्ड नं.:- AAUPD8516A,08 श्री रोहित पिता श्री महेश चन्द्र जी जाति गुप्ता ,आयु-वयस्क , निवासीः- कांकरोली तहसील राजसमंद जिला राजसमंद राज. जरिये आवासीय भू रूपान्तरण-पट्टा संख्या 233/93 से पट्टाधारी व वर्तमान खातेदार द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	धोईन्दा	4034/416	रकबा 0.0755 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 23/6/25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त
नगर परिषद, राजसमन्द